माध्यमिक स्तर के शिक्षकों के लिए
(ए.एल.एम.- मॉडल-1)

लर्निंग आउटकम्स आधारित टीचर हैण्डबुक

Learning Outcomes Based
Teachers' Handbook

कक्षा 6 से 8

सामाजिक विज्ञान

SOCIAL SCIENCE

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

मध्यप्रदेश राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल

चाँद हैं, आफताब हैं बच्चे।
रोशनी की किताब हैं बच्चे।

अपने स्कूल जब ये जाते हैं,
ऐसा लगता गुलाब हैं बच्चे।

व्यास, सतलज सरीखे दरिया हैं,
रावी, झेलम, चिनाव हैं बच्चे।

अपनी मस्ती की राजधानी में,
अपने मन के नबाब हैं बच्चे।

जब कभी भी ये खिलखिलाते हैं,
ऐसा लगता रबाब हैं बच्चे।

जिनको संस्कार शुभ मिले हैं वे,
हर जगह कामयाब हैं बच्चे।

क्या फरिश्ते किसी ने देखे है?
कितना अच्छा जवाब हैं बच्चे।

–अजहर हाशमी

शिक्षकों के लिए

- मुझे शिक्षक होने पर गर्व है। शिक्षण को मैं एक आदर्श व्यवसाय मानता/मानती हूँ।
- शिक्षण से जुड़े होने के कारण मैं उसी कार्य को करूँगा/करूँगी जो इस व्यवसाय को आदर्श स्वरूप दे सकें।
- मैं सजग रहूँगा/रहूँगी कि मेरे प्रत्येक कार्य, व्यवहार को मेरे विद्यार्थी आलोचनात्मक दृष्टि से देखेंगे। उनकी समझ में सदैव आदर्श स्थापित करूँगा/करूँगी।
- विद्यार्थियों की सहायता तथा मार्गदर्शन देने में मेरी भूमिका एक मित्र, एक दार्शनिक तथा एक निर्देशक के रूप में रहेगी।
- मैं अपने विद्यार्थियों को पुस्तकालय का उपयोग करने के लिए प्रेरित करूँगा/करूँगी।
- यदि किसी कारण मैं कक्षा में नहीं जा पा रहा/रही हूँ तो विद्यार्थियों को अतिरिक्त समय देकर क्षतिपूर्ति करूँगा/करूँगी।
- मैं अपने व्याख्यान पूर्ण सावधानी के साथ तैयार करूँगा/करूँगी ताकि विषय सामग्री विद्यार्थियों को स्पष्ट हो सके।
- मैं शिक्षण में नवाचार का प्रयोग करूँगा/करूँगी ताकि विषय सामग्री विद्यार्थियों को स्पष्ट हो सके।
- मैं केवल पाठ्यक्रम को ही पूर्ण नहीं करूँगा/करूँगी, बल्कि नवीन जानकारी विद्यार्थियों तक पहुँचाना भी मेरा कर्तव्य होगा।

यह मेरा स्वभाव है कि जब मैं कोई
उत्तरदायित्व स्वीकार करता हूँ तो मैं
अपनी सारी शक्ति से कर्त्तव्य पालन में
निमग्न हो जाता हूँ और अपने
उत्तरदायित्व से कभी अलग नहीं हटता।
एक बार सौभाग्य से मैं शिक्षक बन गया।
मैंने अपना कार्य पूरी लगन से किया
और यह कार्य करने में मैंने जो आनंद
पाया
उसने मुझे
गुरू से गुरूदेव
तक पहुँचा दिया।

– रवीन्द्र नाथ टैगोर

माध्यमिक स्तर के शिक्षकों के लिए

लर्निंग आउटकम्स आधारित टीचर हैण्डबुक

Learning Outcomes Based

Teachers' Handbook

सामाजिक विज्ञान

कक्षा–6 से 8

ए.एल.एम.- मॉड्यल 1

(90 मिनिट कालखण्ड के अनुसार)

2017–18

म.प्र. राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्

सा विद्या या विमुक्तये

शिक्षा का अधिकार

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़े सब बढ़े

मध्यप्रदेश राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल

शिक्षकों के लिए ...

शिक्षक साथियों आपके द्वारा विद्यार्थियों की दक्षता विकास के सतत् प्रयास किए जा रहे हैं तथापि यह अनुभव किया गया है कि आपके पास एक ऐसा टूल्स हो जिससे आप विद्यार्थियों की दक्षता की परख कर सकें। इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा आपके उपयोगार्थ एक ऐसी पुस्तिका तैयार की गई है, जिसके माध्यम से कक्षा कक्ष में होने वाली विभिन्न प्रक्रियाओं को एक स्थान पर समेकित किया गया है। जिसमें आप यह जान सकेंगे कि आपके विद्यार्थियों ने क्या सीखा है।

आप सभी मित्रों की सहायता के लिए राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा एक 'लर्निंग आउटकम्स आधारित टीचर हैंड बुक सह प्रशिक्षण पुस्तिका' तैयार की है। यह पुस्तिका कक्षा 6 से 8 तक (प्रांरभिक शिक्षा) के लिए विषयवार तैयार की जाकर समेकित रूप से प्रदाय की जा रही है। लर्निंग आउटकम्स आधारित टीचर हैंड बुक में प्रमुख रूप से अवधारणा क्षेत्र, पेडॉगाजिकल प्रकिया/ गतिविधियाँ, आवश्यक शिक्षण सहायक सामग्री, सीखने के संकेतक, मूल्यांकन हेतु प्रश्न, आओ करके सीखे, अवधारणा के शिक्षण में लगने वाला समय एवं सीखने की सम्प्राप्तियों को शामिल किया गया है।

विशेषज्ञों द्वारा सुझाए गए आयाम जिनमें सीखने-सिखाने और उसके आकलन करने से संबंधित शिक्षण की कार्य योजना बनाना, सीखने का वातावरण निर्मित करना, सीखने-सिखाने की प्रक्रिया, कक्षा प्रबंधन, बच्चों को रोटेशन में बैठाना, सहायक शिक्षण सामग्री का उपयोग करना। कक्षा में घर में/घर पर एवं खेल-खेल में सीखना, बच्चों की क्षमता का आकलन करना शामिल है।

सामग्री में दिव्यांग बच्चों को सीखने के समान अवसर उपलब्ध कराना, शाला में दिव्यांग बच्चों की आवश्यकताओं की पूर्ति कराना भी शामिल है। टीचर हेंड बुक में डी एवं ई ग्रेड प्राप्त करने वाले बच्चों को ध्यान में रखकर योजना बनाना शामिल है। इस पुस्तिका के उपयोग से शिक्षक विद्यार्थियों की विषयगत समस्याओं का निदान कर सकेंगे। साथ ही विद्यार्थियों को स्वयं प्रश्न करने, उनका समाधान खोजने तथा निष्कर्ष तक पहुँचने के लिए प्रेरित कर सकेंगे।

इस पुस्तिका के निर्माण में प्रदेश के विभिन्न संस्थानों व विद्यालयों में कार्यरत अनुभवी विषय विशेषज्ञों, शिक्षकों व राज्य शिक्षा केन्द्र के अकादमिक समूह के सदस्यों ने अथक प्रयास किया है, फिर भी यह सामग्री तब तक पूर्ण नही मानी जा सकेगी जब तक उसका उपयोगकर्ता द्वारा उपयोग कर अपेक्षित परिणाम प्राप्त न हो जाएँ। अतः इस पुस्तिका के उपयोग पश्चात आप सभी के सकारात्मक सुझावों की प्रतीक्षा होगी।

- राज्य शिक्षा केन्द्र

अनुक्रमणिका

क्र.	विवरण	पृष्ठ
1.	शिक्षक के परिचय हेतु स्थान	2
2.	समय-सारणी (ALM आधारित)	3
3.	सीखने के मुख्य घटकों का परिचय	4
4.	सक्रिय अधिगम प्रविधि परिचय, उद्देश्य एवं महत्व	7
5.	कक्षा-6 के लिए-	
	• सक्रिय अधिगम प्रविधि पाठ योजना	17
	• सीखने का मेट्रिक्स	23
	• सीखने की संप्राप्तियाँ (Learning Outcomes)	72
6.	स्व मूल्यांकन	74
7.	कक्षा-7 के लिए-	
	• सक्रिय अधिगम प्रविधि पाठ योजना	87
	• सीखने का मेट्रिक्स	91
	• सीखने की संप्राप्तियाँ (Learning Outcomes)	164
8.	स्व मूल्यांकन	166
9.	कक्षा-8 के लिए-	
	• सक्रिय अधिगम प्रविधि पाठ योजना	183
	• सीखने का मेट्रिक्स	187
	• सीखने की संप्राप्तियाँ (Learning Outcomes)	238
10.	स्व मूल्यांकन	240
11.	कक्षा अवलोकन हेतु मानिटरिंग प्रपत्र (ALM आधारित)	253

(1)

शिक्षक/शिक्षिका की सामान्य जानकारी

नाम :

पद तथा कार्यरत संस्था का नाम :

शाला का डाईस कोड :

कक्षा जिसमें अध्यापन करते है :

विषय जिसमें अध्यापन करते है :

शिक्षक का यूनिक आई डी :

मोबाईल नं. :

विशेष कार्यानुभव/कार्यक्षमता :

:

योग्यता/विशिष्ट योग्यता

(2)

सुझावात्मक समय-सारणी

कक्षा	दिन	10:30 से 10:45	10:45 से 12:15	12:15 से 12:20	12:20 से 1:50	1:50 से 2:20	2:20 से 2:45	2:45 से 3:00	3:00 से 4:30	4:30 से 4:40
VI	सोमवार	प्रार्थना सभा	हिन्दी	लघु अवकाश	गणित	मध्यान्ह भोजन	• खेल-कूद • पुस्तकालय • सृजनात्मक कार्य जैसे - खिलौने बनाना, मिट्टी का कार्य, चित्रकारी, हस्तशिल्प, स्क्रेप बुक बनाना आदि जीवन कौशल शिक्षा • परिसंवाद	मीना की दुनिया (आकाशवाणी से प्रसारित कार्यक्रम)	सामाजिक विज्ञान	प्रार्थना
	मंगलवार		अंग्रेजी		विज्ञान				संस्कृत	
	बुधवार		हिन्दी		गणित				सामाजिक विज्ञान	
	गुरुवार		अंग्रेजी		विज्ञान				संस्कृत	
	शुक्रवार		हिन्दी		गणित				सामाजिक विज्ञान	
	शनिवार		अंग्रेजी		विज्ञान				बाल सभा	
VII	सोमवार		अंग्रेजी		संस्कृत				विज्ञान	
	मंगलवार		हिन्दी		गणित				सामाजिक विज्ञान	
	बुधवार		अंग्रेजी		संस्कृत				विज्ञान	
	गुरुवार		हिन्दी		गणित				सामाजिक विज्ञान	
	शुक्रवार		अंग्रेजी		संस्कृत				विज्ञान	
	शनिवार		हिन्दी		गणित				बाल सभा	
VIII	सोमवार		गणित		सामाजिक विज्ञान				संस्कृत	
	मंगलवार		विज्ञान		अंग्रेजी				हिन्दी	
	बुधवार		गणित		सामाजिक विज्ञान				संस्कृत	
	गुरुवार		विज्ञान		अंग्रेजी				हिन्दी	
	शुक्रवार		गणित		सामाजिक विज्ञान				संस्कृत	
	शनिवार		विज्ञान		अंग्रेजी				बाल सभा	

नोट:- 1. शनिवार को सांस्कृतिक गतिविधियों के तहत बाल सभा का आयोजन किया जाएगा। 2. विद्यालय में पदस्थ शिक्षकों को संख्या अनुसार समय चक्र में परिवर्तन किया जा सकता है।

3. बच्चों की बैठक व्यवस्था- i. ब्लैक बोर्ड के सम्मुख बैठने की व्यवस्था रखी जाए।

ii. विशेष आवश्यक्ता वाले बच्चों के बैठने के लिए सुविधाजनक स्थान दिया जाए। iii. बैठक व्यवस्था रोटेशन पद्धति से की जाए।

(3)

सीखने के मुख्य घटकों का परिचय

1. अवधारणा क्षेत्र

किसी भी कक्षा स्तर से संबंधित समस्त पाठ्य वस्तु को मुख्य रूप से कुछ चिह्नित क्षेत्रों में विभाजित किया जाता है इन चिह्नित क्षेत्रों को ही अवधारणा क्षेत्र कहते हैं। शिक्षकों के लिए यह आवश्यक होता है कि प्रत्येक अवधारणा क्षेत्र से संबंधित विषय वस्तु को ध्यान में रखते हुए शिक्षण का कार्य करें व मूल्यांकन/आकलन के दौरान सभी अवधारणा क्षेत्रों पर एक समान अधिभार दें, जिससे बच्चों के उस कक्षा स्तर से संबंधित समस्त अवधारणा क्षेत्रों में दक्ष हो सकें।

2. पेडागॉजिकल प्रक्रिया/गतिविधियाँ एवं प्रस्तावना

विषय से संबंधित किसी भी अवधारणा को विकसित करने से पूर्व उस अवधारणा से संबंधित विद्यार्थियों के पूर्व ज्ञान पर आधारित चर्चा करते हुए अवधारणा विकसित करने के लिए कहानी, कविता, पहेली, समाचार पत्र वाचन, प्रयोग प्रदर्शन आदि के माध्यम से प्रस्तावना प्रस्तुत की जाती है। किसी भी अवधारणा को स्पष्ट करने के लिए कक्षा कक्ष में विभिन्न प्रकार के तरीकों से अवधारणा को विकसित करने के अवसर दिए जाने के लिए सुझावात्मक रूप से पेडागॉजिकल प्रक्रिया/गतिविधियाँ के अन्तर्गत दिया गया है।

3. सहायक शिक्षण सामग्री (TLM)

कक्षा कक्ष संचालन के दौरान शिक्षक द्वारा पाठ्यपुस्तक के अतिरिक्त जो-जो सामग्री उपयोग की जाती है सहायक शिक्षण सामग्री कहलाती है। इसमें यह आवश्यक होता है कि निर्धारित विषय वस्तु को विकसित करने में उस सहायक शिक्षण सामग्री का योगदान हो।

4. सीखने के संकेतक (Learning Indicator)

सीखने के संकेतक मुख्य रूप से शिक्षक को प्रत्येक विद्यार्थी के बारे में यह सोचने के अवसर देते है कि उसने सत्र के दौरान क्या सीखा और किस क्षेत्र में उसको और सीखने की आवश्यकता है। अर्थात् जरूरत है, इनको चिह्नित करने के लिए शिक्षक को प्रत्येक विद्यार्थी के बारे में जानना होता है तथा शिक्षक द्वारा की जाने वाली प्रत्येक गतिविधि में यह देखा जाता है कि विद्यार्थी ने किसी अवधारणा से संबंधित किन-किन

बिन्दुओं को जान लिया है और किनकी जरूरत है। दैनिक कक्षागत गतिविधियों/शिक्षण के दौरान उस पर अधिक ध्यान देना होगा। इसके लिए विशिष्ट परीक्षाओं की आवश्यकता नहीं होती है स्वयं सीखने वाली गतिविधियाँ बच्चों में निरंतर चलने वाले अवलोनात्मक एवं गुणात्मक आंकलन का आधार बनती है। अवलोकन के आधार पर रोज की दैनंदिनी रखने से निरंतर सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन (CCE) में मदद मिलती है। इस कारण सीखने के संकेतक को इसका हिस्सा बनाया गया है।

5. मूल्यांकन हेतु गतिविधियाँ एवं प्रश्न

मूल्यांकन के अंतर्गत जब तक बच्चों के पाठ्यपुस्तकीय ज्ञान को याद करने की क्षमताओं का परीक्षण किया जाता रहेगा। तब तक इसमें यह जानना जरूरी है कि बच्चों ने क्या सीखा है और उस ज्ञान को समस्या सुलझाने और व्यवहार में लाने की उनकी क्षमता को जाँच पाएँ साथ ही विद्यार्थियों की सोचने की प्रक्रिया कैसी हो यह पता लगा पाएँ की विद्यार्थी ने क्या सीखा है। आकलन/मूल्यांकन के लिए जो प्रश्न निर्धारित किए जाते हैं उन्हें किताब में दी गई जानकारी से आगे बढ़ाने की जरूरत है। ऐसे प्रश्नों को भी शामिल करना चाहिए जिसका कोई एक उत्तर नहीं होता है और जो बच्चों के सामने चुनौती पेश करते है। अच्छे प्रश्न और परीक्षा पत्र बनाना भी एक कला है और शिक्षकों को ऐसे प्रश्न बनाने पर बल देने की जरूरत है।

6. आओ करके सीखें (घर में/खेल-खेल में)

घर वह स्थल होता है जहाँ किसी भी बच्चे को ऐसी परिस्थितियाँ मिलती हैं जिसमें वह कुछ न कुछ सीखता है। दैनिक जीवन की स्थितियों से जुड़ी गतिविधियां विद्यार्थियों की रूचि को बांधे रखने का सार्थक माध्यम बन जाती है। उदाहरण के लिए वर्षा अलग-अलग जगहों पर अलग-अलग ढंग से होती है उसकी विविधता के आँकड़े उपलब्ध होते हैं जिसको गणित में कई रोचक गतिविधियों को बढ़ावा देने में उपयोग में लाया जा सकता है। इसी प्रकार विज्ञान में इन पर आधारित अनेकों प्रयोग करवाए जा सकते हैं इन्हीं कारण से घर में व खेल-खेल में, आओ करके सीखें के अन्तर्गत सीखने के अवसर दिए गये हैं।

7. सीखने की संप्राप्ति (Learning Outcomes)

विभिन्न प्रकार के शैक्षिक सर्वे व उपलब्ध डाटा यह बताते हैं कि बच्चों में स्कूल स्तरीय विषयों में सीखने का उपलब्धि स्तर निर्धारित स्तर के अनुरूप नहीं है, इसमें जिस तरह के प्रयास होते रहे है इसमें शिक्षक अपना पाठ्यपुस्तक के आधार पर पाठ्यक्रम पूरा करा देते हैं परन्तु यह बात स्पष्ट नहीं हो पाती कि बच्चों को संबंधित विषय वस्तु में

किस प्रकार के अवसर देने की जरूरत है अर्थात् पूरे वर्ष के अंत में बच्चों को किस प्रकार की क्या-क्या विषय वस्तु आना चाहिए। यह शैक्षिक अपेक्षाओं के रूप में परिभाषित किया गया है। शैक्षिक अपेक्षाओं व पाठ्यक्रम से सभी शैक्षिक व्यवस्थागत हितग्राहियों यथा पालक, शाला विकास समिति के सदस्यों, समुदाय के लोगों, शिक्षक एवं बच्चे आदि कि समझ हेतु सीखने की संप्राप्ति को निर्धारित किया गया है। यह सीखने की संप्राप्ति आकलन के मानक या आकलन के बेंचमार्क के रूप में निर्धारित स्तर के लिए चिह्नित किये गए है। सीखना-सिखाना सतत् रूप से होने वाली प्रक्रिया है। इस प्रक्रिया के पेडागॉजिकल प्रक्रिया में ही सीखने की संप्राप्ति को देखा जाता है। पाठ्यचर्या संबंधी अपेक्षाओं को पूरे देश के बच्चों को ध्यान में रखकर सीखने की संप्राप्ति को स्वीकार किया गया है।

8. कक्षा प्रबंधन

शिक्षक साथी कक्षा में जाकर पाठ्यक्रम को निर्धारित समय में पूरा करने के उद्देश्य से सीधे पढ़ाना प्रारंभ कर देते है परन्तु उनसे यह अपेक्षा है कि :-

- कक्षा में प्रवेश करते ही कक्षा का माहौल आनंददायी बनाया जाए।
- बच्चों को कहानी, कविता, पहेली, एकांकी, समाचार पत्र, प्रयोग, प्रदर्शन, पैटर्न आदि के माध्यम से बच्चों को कक्षा कक्ष में मानसिक रूप से सक्रिय करने का कार्य किया जाए।
- विषय वस्तु से संबंधित पाठ की एक दिन पूर्व तैयारी अवश्य करें।
- विषय वस्तु से संबंधित सहायक शिक्षण सामग्री पूर्व में ही एकत्रित करने के उपरांत कक्षा कक्ष में प्रवेश करें।
- कक्षा में ऐसे स्थान पर खड़े हों की सभी बच्चे आपकी नजरों के आस-पास हों।
- सभी बच्चों पर एक समान ध्यान दें।
- बच्चों के बैठने का स्थान साप्ताहिक रूप से परिवर्तित करते रहें।
- प्रत्येक बच्चे की व्यक्तिगत शैक्षिक समस्याओं को जानने का प्रयास करें एवं उन्हें दूर करने के उपयुक्त उपाय करें।

(4)

1. सक्रिय अधिगम प्रविधि (Active Learning Methodology)- परिचय, उद्देश्य एवं महत्व

सक्रिय अधिगम प्रविधि (ALM)

शोध निष्कर्षो एवं तथ्यात्मक प्रमाणों से यह बात परिलक्षित होती है कि विद्यार्थी सबसे अधिक तब सीखते हैं जब वे सीखने की प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भागीदारी करते हैं। वर्तमान में प्रचलित शिक्षण पद्धति में कक्षा में विद्यार्थी निष्क्रिय श्रोता के रूप में होते हैं शिक्षक अवधारणाओं एवं सूचनाओं को उड़ेलता/व्यक्त करता जाता है, विद्यार्थी निष्क्रिय श्रोता मात्र रह जाता है। अतः एक ऐसी अधिगम प्रक्रिया की आवश्यकता अनुभव की गयी जहाँ विद्यार्थी कक्षागत प्रक्रियाओं में सक्रिय सहभागिता कर सकें।

सक्रिय अधिगम प्रविधि (ALM) मॉडल 1 के अंतर्गत ऐसी कक्षागत प्रक्रिया है। निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अध्याय – 5 धारा 29(2) (ङ) "बाल अनुकूल और बाल केन्द्रित रीति से क्रियाकलापों, प्रकटीकरण और खोज के द्वारा शिक्षण" का पूर्णतः पालन करने हेतु कक्षा शिक्षण की यह प्रविधि उपयुक्त है। इस प्रविधि द्वारा शिक्षण से कक्षा का वातावरण पूर्णतः मानसिक अभिघात और चिन्ता से मुक्त होता है।

इसमें विद्यार्थियों में समझने की शक्ति का विकास होता है एवं उन्हें स्वतन्त्र रूप से विचार व्यक्त करने के अवसर भी प्राप्त होते है। इस प्रविधि द्वारा शिक्षण से विद्यार्थियों में प्रस्तुतीकरण एवं नेतृत्व का गुण भी विकसित होता है। इस प्रकार सक्रिय अधिगम प्रविधि द्वारा शिक्षण से विद्यार्थियों का बहुमुखी विकास होता है। सर्वप्रथम तमिलनाडु में इस प्रविधि द्वारा सत्र 2007-08 से शिक्षण कार्य प्रारंभ किया गया जिसके सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए हैं।

सक्रिय अधिगम प्रविधि की मूलभूत मान्यताएँ –

सक्रिय अधिगम दो मूलभूत मान्यताओं पर आधारित है–

(1) सीखना प्राकृतिक रूप से एक सक्रिय प्रयास है।

(2) अलग-अलग व्यक्ति अलग-अलग तरीके से सीखते हैं।

शोध यह सिद्ध करते हैं कि विद्यार्थियों को सीखने की प्रक्रिया के अन्तर्गत सुनने के अलावा भी कुछ करना चाहिए। उनको पढ़ना, लिखना, चर्चा करना एवं समस्या निदान की भी कोशिश करनी चाहिए। इसके द्वारा विद्यार्थियों को कुछ उच्च स्तरीय बौद्धिक कार्यों जैसे- विश्लेषण, संश्लेषण एवं मूल्यांकन आदि में सक्रिय रूप से शामिल किया जाना चाहिए। कक्षा अध्यापन के दौरान सीखने की प्रक्रिया में विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने में ALM एक प्रभावी प्रविधि है।

ALM क्या है -

ALM एक ऐसी शिक्षण प्रविधि है जो बच्चों को अवसर देती है -

- स्वयं करके सीखने का।
- विषयवस्तु पर आपस में बातचीत करने एवं सुनने का।
- व्यक्तिगत या छोटे समूहों में सीखने, पढ़ने एवं चिन्तन करने का।
- कक्षागत प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता करने का।
- क्रियाकलाप आधारित अध्ययन के लिए उत्प्रेरित होने का।
- विषय वस्तु को अभिव्यक्त करने का।

ALM क्यों -

विभिन्न शोध एवं अनुभव यह बताते हैं कि विद्यार्थी सबसे बेहतर तब सीखते हैं जब वे स्वयं विषयवस्तु के साथ जुड़ते हैं और सीखने में सक्रिय रूप से सहभागी होते हैं। यही सिद्धान्त ALM का केन्द्र बिन्दु है। इस प्रविधि में -

- अधिगम प्रक्रिया बाल केन्द्रित है।
- सीखने की प्रक्रिया में समस्त विद्यार्थियों की सहज, सक्रिय सहभागिता होती है।
- विद्यार्थियों को परस्पर सहयोग के साथ कार्य करने के साथ-साथ स्वतन्त्र अभिव्यक्ति के अवसर भी प्राप्त होते हैं।
- विद्यार्थियों को उच्चस्तरीय अधिगम प्रक्रियाओं से गुजरना होता है जैसे:- विवेचन, विश्लेषण, संश्लेषण, निष्कर्ष निकालना एवं सम्प्रेषण, जो अवधारणाओं का विकास करती हैं। अत: यह कहा जा सकता है कि अवधारणाओं की समझ बनाने के लिए ALM एक प्रभावी प्रविधि है

अन्ततः यह कहा जा सकता है कि प्रचलित कक्षागत प्रक्रिया को अधिक सरल सहज एवं बाल केन्द्रित बनाने, प्रत्येक बच्चे को अपनी स्वाभाविक गति से सीखने

एवं व्यक्त करने के अवसर देने तथा शाला में बच्चे के प्रत्येक दिन को उपयोगी, मनोरंजक एवं सार्थक बनाने हेतु ALM आवश्यक है।

ALM में प्रचलित पाठ्यक्रम, पाठ्यपुस्तकें ही पठन-पाठन प्रक्रिया में उपयोग की जाती है अतएव इसके लिए पृथक से किसी पुस्तक की आवश्यकता नहीं है।

ALM के उद्देश्य-

- बच्चों को स्वयं करने के लिए प्रेरित करना तथा इस प्रक्रिया में उनका सक्रिय योगदान सुनिश्चित करना।
- सीखने की प्रक्रिया को शिक्षक केन्द्रित के स्थान पर बाल केन्द्रित बनाना।
- प्रत्येक बच्चे को अपनी गति एवं सहज भाव से सीखने के अवसर उपलब्ध कराना।
- सीखने की प्रक्रिया में समस्त विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना।
- सक्रिय अधिगम हेतु उपयुक्त वातावरण का निर्माण करना।
- विद्यार्थियों में पढ़ने व सीखने की मूलभूत दक्षताओं का विकास करना।
- बच्चों के मध्य परस्पर सहयोग की भावना का विकास करना।
- समूह में कार्य करने के प्रचुर अवसर देते हुए भी बच्चे के स्व-विकास हेतु सतत् अवसर प्रदान करना।
- बच्चों में सृजनात्मक अभिव्यक्ति की क्षमता का विकास करना।
- बच्चों में प्रभावी प्रस्तुतीकरण की दक्षता का विकास करना।
- बच्चों में उच्च स्तरीय अधिगम प्रक्रियाओं - विश्लेषण, संश्लेषण एवं मूल्यांकन के गुणों का विकास करना।
- विषयवस्तु को परिवेश के साथ जोड़कर सीखने के अवसर देना।

2. कक्षा शिक्षण एवं पाठयोजना

सक्रिय अधिगम प्रविधि में कक्षा शिक्षण हेतु विषयवार एक कालखण्ड/सत्र की अवधि 90 मिनिट होती है तथा एक दिन में केवल तीन कालखण्ड होते हैं। सक्रिय अधिगम प्रविधि में विद्यार्थी सक्रिय सहभागिता करता है तथा विषयवस्तु अनुसार गतिविधि/प्रयोग आदि कार्य स्वयं करता है तथा शिक्षक सुविधादाता के रूप में होता है। ALM सक्रिय भागीदारी के साथ सीखने की प्रविधि है। इसमें सबसे अधिक महत्व इस बात को दिया जाता है कि विद्यार्थी किस तरह से अधिक से अधिक सीख सकता है।

3. सक्रिय अधिगम प्रविधि पर आधारित पाठयोजना के प्रमुख आयाम

सक्रिय भागीदारी के साथ सीखने की विधि अर्थात ए.एल.एम. में सबसे अधिक महत्व इस बात को दिया जाता है कि बच्चा किस प्रकार से अधिक से अधिक सीख

सकता है। इसीलिये इस विधि के अन्तर्गत कक्षा शिक्षण के निम्नांकित प्रमुख आयाम निर्धारित किये गए है –

1. पाठ्यवस्तु का परिचय/प्रस्तावना/आरंभिक गतिविधियॉ
2. पढ़ना/मौनवाचन
3. मानस चित्रांकन
4. सारांशीकरण
5. समूह चर्चा एवं प्रस्तुतीकरण
6. सुदढ़ीकरण एवं पुनर्बलन
7. आकलन
8. विशेष शिक्षण
9. लेखन/गृहकार्य।

1. पाठ्यवस्तु का परिचय/प्रस्तावना/आरंभिक गतिविधियाँ (Introduction)

इस आयाम का उद्देश्य बच्चों को सीखने के लिये रोचक तरीके से तत्पर करना है। अत: शिक्षण के प्रारंभ में शिक्षक द्वारा विषयवस्तु से संबंधित रोचक गतिविधि कराई जाती है जैसे कहानी कथन, रोल प्ले, प्रयोग, प्रदर्शन, नाटक, कविता व गीत आदि। आवश्यकतानुसार विषयवस्तु से संबंधित घटनाक्रम को समाचार पत्र की कटिंग, संदर्भित चित्रों, चार्ट इत्यादि व विषयवस्तु पर बच्चों से प्रश्न पूछकर भी उन्हें विषयवस्तु से जोड़ा जा सकता है।

2. पढ़ना/मौन वाचन (Reading)

इसके अर्न्तगत शिक्षक पाठ से संबंधित विषयवस्तु अर्थात् निर्धारित इकाई के दो या तीन पृष्ठ की सामग्री बच्चों को स्वयं समझ कर पढ़ने के लिए कहता है। पढ़ने के साथ-साथ नवीन शब्दों को चिन्हांकित करने एवं अपनी अभ्यास पुस्तिका में लिखने के लिए निर्देशित करेंगे। उक्त शब्दों का अर्थ बच्चे आपस में पूछकर, शब्दकोश में खोजते हैं। शब्द का अर्थ न मिलने पर शिक्षक से पूछकर ज्ञात करते हैं तथा अभ्यास पुस्तिका में उसे लिखते हैं। आवश्यकतानुसार बच्चे सरसरी तौर पर पाठ्यवस्तु को पढ़ते हुए पढ़ी गई विषयवस्तु पर अपनी समझ अनुसार प्रश्न बनाने का कार्य भी करते हैं।

3. मानस चित्रांकन (Mind Map)

जब हम किसी विषय के बारे में पढ़ते/सुनते/देखते हैं तो मस्तिष्क में एक परिदृश्य

उभरता है। इसे चित्र/रेखाचित्र के माध्यम से प्रस्तुत करना ही माइंड मैप बनाना कहा जाता है। सक्रिय अधिगम प्रविधि में विद्यार्थी निर्धारित विषयवस्तु पर स्वयं का माइंड मैप बनाते है। यह माइंड मैप कक्षागत प्रक्रियाओं का एक महत्वपूर्ण आयाम है। मानस चित्रांकन (माइंड मैप) बनाने में इन बातों को ध्यान में रखना चाहिए–

1. विषयवस्तु Main theme मानस चित्रांकन का केन्द्र बिन्दु होना चाहिए।
2. मानस चित्रांकन में Sub-Theme क्रमिक रूप से रखी जानी चाहिए। Mind Map किसी भी पाठ की विषयवस्तु को ग्रहण करने का एक प्रभावी माध्यम है। इसके अवलोकन से हम जान सकते हैं कि बच्चे ने कितना समझा/सीखा है। यह बात ध्यान में रखी जानी चाहिए कि मानस चित्रांकन न तो कभी पूरी तरह सही होता है और ना ही पूरी तरह गलत होता है। इसी प्रकार किन्ही दो विद्यार्थियों के मानस चित्रांकन सामान्यतः एक जैसे नहीं होंगे, यह बच्चे की सृजनात्मकता पर निर्भर करता है। सामान्यतः मानस चित्रांकन तैयार करने के कई तरीके हो सकते है जैसेः– पेड़– पौधे की शाखाएँ, पुष्पों के रूप में, बुलबुलों (बबल्स) के रूप में, श्रृंखला द्वारा, जालनुमा रचना द्वारा, पदानुक्रम द्वारा, संकेतों द्वारा, समय रेखा द्वारा इनके अतिरिक्त अन्य तरीके भी प्रयोग किए जा सकते है।
3. प्रत्येक Sub-Theme शिक्षण बिन्दुओं से जुड़ी होनी चाहिए।
4. प्रत्येक Sub-Theme के लिए गतिविधियाँ सुनिश्चित की जानी चाहिए।
4. सारांशीकरण (Summarization)

किसी पढ़ी गई या समझी गई विषयवस्तु को संक्षेप में क्रमबद्ध रूप से प्रस्तुत करना सारांशीकरण कहलाता है।

इसके दो मुख्य सिद्धांत हैं–

1. संक्षिप्त रूप में व्यक्त करना
2. सुव्यवस्थित रूप देना

सारांशीकरण के तरीके

कुछ तकनीक या विधियाँ जो जानकारियों को सुव्यवस्थित करने व संक्षिप्त में लिखने अथवा प्रस्तुत करने में सहायक होती हैं जैसे – अनुच्छेद, तालिका, आरेख, समय–रेखा, पदानुक्रम, अवधारणाओं तथा तथ्यों को सूचीबद्ध करना, आदि। इनमें से किसी भी तकनीक को विषयवस्तु की आवश्यकता व स्वरूप के आधार पर अपनाया जा सकता है। (व्यक्तिगत मानस चित्रांकन एवं सारांशीकरण के बाद छोटे समूहों द्वारा चर्चा कर मानस चित्राकंन एवं सारांशीकरण किया जाता है।)

5. समूह चर्चा व प्रस्तुतीकरण (Group Discussion and Presentation)

समूह चर्चा एवं प्रस्तुतीकरण से बच्चों में विषयवस्तु को सीखने व जानने की जिज्ञासा व उत्साहवर्धन परिलक्षित होता है। अतः प्रत्येक बच्चे की सहभागिता हेतु समूह चर्चा अत्यन्त महत्वपूर्ण गतिविधि है। यह आपस में छोटे समूह व बड़े समूह में की जा सकती है। इससे बच्चों को आपस में समझने, सुनने, स्वीकार करने व दूसरे के विचारों को सराहने के अवसर प्राप्त होते हैं। शिक्षक समूह से दो छात्र प्रतिनिधियों को समूह द्वारा रफ कापी पर बनाए गए मानस चित्रांकन एवं सारांशीकरण को प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित करते हैं। विद्यार्थियों का चयन इस प्रकार करें कि एक विद्यार्थी माइन्डमैप का व दूसरा विद्यार्थी सारांशीकरण का प्रस्तुतीकरण करेगा साथ ही यह देखे की समूह के प्रत्येक विद्यार्थी किसी न किसी दिन प्रस्तुतीकरण का अवसर प्राप्त कर सके। समूह प्रतिनिधि द्वारा प्रस्तुतीकरण किया जाकर सभी समूहों के प्रतिनिधियों को प्रस्तुतीकरण के अवसर दिए जाते हैं। ऐसी व्यवस्था हो कि बारी-बारी से कक्षा के सभी विद्यार्थियों को प्रस्तुतीकरण का अवसर प्राप्त हो सके। कक्षा में छात्र संख्या अधिक होने पर कुछ समूहों द्वारा प्रस्तुतीकरण तथा अन्य समूहों द्वारा समीक्षात्मक सुझाव प्राप्त किए जा सकते हैं। विद्यार्थियों द्वारा किए गए प्रस्तुतीकरण के समय शिक्षक द्वारा सराहना एवं प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए। इससे उनके आत्मविश्वास में एवं कार्य करने की क्षमता में वृद्धि होती है।

6. सुदृढ़ीकरण और पुनर्बलन (Consolidation and Reinforcement)

अक्सर विद्यार्थी के प्रस्तुतीकरण में कुछ बिन्दु छूट जाते हैं या जानकारी में क्रमबद्धता नहीं होती है। शिक्षक स्वयं के मानस चित्रांकन व सारांश से इसे स्पष्ट करता है। इसके लिए आवश्यकतानुसार वह चार्ट, मॉडल अथवा प्रयोग-प्रदर्शन का उपयोग भी कर सकता है। सभी विद्यार्थी नवीन जानकारी अभ्यास-पुस्तिका में लिखते हैं। पठित विषयवस्तु के कठिन एवं महत्वपूर्ण अंशों को शिक्षक द्वारा पुनः अन्य सरल गतिविधि, प्रयोग, उदाहरण अथवा चर्चा द्वारा स्पष्ट करता है। इस प्रक्रिया में शिक्षक बच्चों को विषयवस्तु से संबंधित प्रश्न करने हेतु प्रेरित करता है। बड़े समूह में चर्चा द्वारा इन प्रश्नों व जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए बच्चों के ज्ञान को सुदृढ़ और पुष्ट किया जाता है।

7. आकलन (Assessment)

इस प्रविधि में विद्यार्थी के सतत् एवं सक्रिय सीखने के साधन को ही 'आकलन'

माना गया है। शिक्षक द्वारा किए गए शिक्षण कार्य की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि विद्यार्थी कितना सीख पाये हैं। आकलन इस प्रकार किया जाना चाहिए कि जो विद्यार्थी सीख नही पाए उनकी पहचान हो सके। सक्रिय अधिगम प्रविधि में आकलन करने के महत्वपूर्ण बिन्दु निम्नानुसार है :-

- बच्चों को सीखने में क्या कठिनाई हो रही है?
- पाठ के हर चरण में बच्चों ने क्या और कितना सीखा है?
- बच्चों की गतिविधियों में सहभागिता कैसी है?
- बच्चों को कहाँ और कितनी मदद की आवश्यकता है?
- कक्षा शिक्षण उपरांत बच्चों के ज्ञान का, समझ व सहभागिता का स्तर कितना है?
- सीखने में मदद के लिए क्या क्या साधन एवं गतिविधियाँ हो सकती है।

आकलन के कुछ सुझावात्मक तरीके :-

- मौखिक प्रश्नों के द्वारा
- चित्रों द्वारा
- वर्कशीट द्वारा
- पुस्तक के बीच एवं अंत में दिए गए प्रश्नों के द्वारा
- प्रायोजना, क्विज एवं अन्य गतिविधियों द्वारा

8. विशेष शिक्षण (Special Teaching)

प्रत्येक कक्षा में कई स्तर के विद्यार्थी होते हैं जिनके सीखने की गति अलग-अलग होती है। शिक्षक आकलन के समय ऐसे विद्यार्थियों जो निर्धारित दक्षता प्राप्त नही कर सके हैं एवं कठिन बिदुंओं को चिन्हित कर लेता है। साथ ही वह यह भी नोट करता है किन बिन्दुओं पर इन्हें कठिनाई है। इसके बाद आवश्यकतानुसार व्यक्तिगत अथवा छोटे समूह में विशेष शिक्षण किया जाता है। आवश्यकता होने पर विशेष शिक्षण हेतु अतिरिक्त समय भी दिया जाना चाहिए।

विशेष शिक्षण के तरीके :-

- विषयवस्तु या गतिविधि को दोहराना
- टी.एल.एम का प्रयोग
- अतिरिक्त अभ्यास कार्य

- पुस्तकालय एवं अतिरिक्त पठन सामग्री का उपयोग
- गतिविधि में बदलाव
- साथी समर्थित शिक्षण विधि का प्रयोग

9. लेखन एवं गृहकार्य–

सक्रिय अधिगम प्रविधि में विद्यार्थियों को लेखन के पर्याप्त अवसर प्राप्त होते हैं। इनमें कठिन एवं नवीन शब्द तथा उनके अर्थ लिखना, सारांशीकरण, प्रश्नोत्तर तथा गृहकार्य प्रमुख हैं। इसके अतिरिक्त शिक्षक आवश्यकतानुसार श्रुत–लेखन (डिक्टेशन), प्रतिलेख (Copying) एवं स्वतंत्र लेखन के माध्यम से लेखन कौशल विकसित करने के अवसर दिए जाते हैं।

सामान्यतः अभ्यास कार्य 90 मिनिट के कालखण्ड में किया जाता है किन्तु अभ्यास अधिक होने या समयाभाव के कारण पाठ के अंत में दिए गए अभ्यास कार्यों को गृहकार्य के रूप में दिया जा सकता है। गृहकार्य हेतु प्रोजेक्ट कार्य संकलन, खोज आदि कार्य आवश्यकतानुसार दिए जाने चाहिए। प्रत्येक पाठयोजना के बाद पठित विषयवस्तु से संबंधित अभ्यास, गृहकार्य हेतु दिए जाने चाहिए। शिक्षक द्वारा शैक्षणिक समय के अतिरिक्त उपलब्ध समय में गृह कार्य की जाँच नियमित रूप से की जाना चाहिए।

4. ALM पाठयोजना

ALM विधि से कक्षा शिक्षण कराये जाने से बच्चों में पढ़ने, समझने, विचार करने, विचारों को प्रस्तुत करने, जानकारी का वर्गीकरण करने, समूह में कार्य करने, सारांशीकरण करने, प्रश्न करने व लेखन कौशल के विकास के अवसर प्राप्त हो सके, इन बातों को ध्यान में रखकर पाठयोजना को विकसित किया गया है। सक्रिय अधिगम प्रविधि में एक कालखण्ड सत्र हेतु 90 मिनिट का समय आवंटित किया जाता है। पाठयोजना के विभिन्न आयाम के लिए सुझावात्मक समय आंवटित किया गया है। किसी भी विषय के लिए विषयवस्तु की पाठयोजना को समय की उपलब्धता या कालखण्ड के आधार पर कई भागों में बाँटा जा सकता है। जबकि कुछ पाठ ऐसे भी हो सकते हैं जिनके लिए एक पाठयोजना ही पर्याप्त होगी।

पाठ्योजना

आयाम	स्वरूप	कैसे/ गतिविधि	सुझावात्मक समय
1. परिचय/प्रारंभिक गतिविधि	बड़े समूह में	• शिक्षक द्वारा विद्यार्थियों के पूर्वज्ञान से जोडकर, समाचार पत्र की कटिंग, घटना का वर्णन, चित्र बनाकर, प्रयोग एवं प्रदर्शन कर, प्रश्न पूछकर, श्लोक पूछकर, कविता गाकर, कहानी सुनाकर आदि रोचक तरीकों से प्रस्तावना की जा सकती है।	10 मिनिट संभावित
2. पढ़ना/मौनवाचन समूह	व्यक्तिगत/	मौन वाचन करते समय नए शब्दों को अपनी अभ्यास पुस्तिका में लिखे एवं उनके शब्दार्थ को परस्पर चर्चा, शब्दकोश एवं शिक्षक की सहायता से पता करना एवं लिखना।	15 मिनिट संभावित
3. मानस चित्रांकन	व्यक्तिगत/ समूह	विद्यार्थियों द्वारा स्वयं (व्यक्तिगत) मानस चित्रांकन कर छोटे समूह में परस्पर चर्चा कर अपने समूह का मानस चित्रांकन बनाना	10 मिनिट संभावित
4. सारांशीकरण समूह	व्यक्तिगत/	विद्यार्थियों द्वारा स्वयं (व्यक्तिगत) सारांशीकरण करना एवं अपने समूह का सारांशीकरण तैयार करना	5 मिनिट संभावित
5.समूह चर्चा एवं प्रस्तुतीकरण	बड़े समूह	प्रत्येक समूह से दो विद्यार्थी एक विद्यार्थी मानस चित्राकंन का एवं दूसरा विद्यार्थी सारांशीकरण का प्रस्तुत करेगा इसी प्रकार अन्य समूह के विद्यार्थियों द्वारा भी प्रस्तुतीकरण किया जायेगा।	15 मिनिट संभावित
6. सुदृढ़ीकरण व पुनर्बलन	बड़े समूह में	• शिक्षक, विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मानस चित्रांकन व सरांशीकरण में छूटे हुए बिन्दुओं तथ्यो को जोड़ते हुए आवश्यकतानुसार स्वयं द्वारा तैयार मानस चित्रांकन और सारांशीकरण प्रस्तुत करेगे।	20 मिनिट संभावित

आयाम	स्वरूप	कैसे/ गतिविधि	सुझावात्मक समय
		• शिक्षक कठिन एवं महत्वपूर्ण अंशों को पुन: उदाहरण, चार्ट, मॉडल, प्रयोग- प्रदर्शन, गतिविधि एवं चर्चा द्वारा स्पष्ट करते हुए विषयवस्तु की पुष्टि करेगा • यहाँ शिक्षक आवश्यक रूप से TLM का शिक्षण मे उपयोग तथा ICT का आवश्यकतानुसार उपयोग करेगें।	
7. आकलन	व्यक्तिगत/ छोटा समूह/ बडा समूह	पूरी कक्षागत प्रक्रिया के अवलोकन को ध्यान में रखते हुए शिक्षक द्वारा, छोटे प्रश्नों, वर्कशीट, मौखिक प्रश्नों, क्विज आदि के द्वारा विद्यार्थियों के ज्ञान, समझ का आकलन करना।	5 मिनिट संभावित
8. विशेष शिक्षण	व्यक्तिगत/ छोटा समूह/ बड़ा समूह	विषयवस्तु में निहित दक्षता कौशल को प्राप्त नही कर पाए विद्यार्थियों एवं संबंधित कठिन बिदुओं की पहचान कर व्यक्तिगत अथवा छोटे समूह में शिक्षक द्वारा कठिनाई निवारण करना।	5 मिनिट संभावित
9. अभ्यास कार्य	व्यक्तिगत	• प्रत्येक पाठयोजना में विभिन्न आयामों में यथा स्थान लेखन कार्य करवाना। • कक्षा उपरान्त सम्बन्धित विषय अभ्यास कार्य गृहकार्य के रूप में देना • आवश्कतानुसार श्रुतलेख, प्रतिलेख, स्वतंत्र लेखन करवाना। • प्रोजेक्ट कार्य संकलन कार्य, खोज कार्य, आदि गृहकार्य हेतु देना।	5 मिनिट संभावित

(5)

कक्षा – 6 के लिए

(अ) सक्रिय अधिगम प्रविधि पाठ योजना

संदर्भित पाठ :	सौरमंडल में हमारी पृथ्वी
विषयांश :	सौरमंडल
समयावधि :	90 मिनट
शिक्षण विधि :	स्व–अध्ययन
सहायक स्त्रोत सामग्री :	सौरमंडल का चार्ट, शब्दकोश।

प्रारंभिक गतिविधि (Introduction) -

शिक्षक छात्रों से कुछ प्रश्न पूछें–

1. दिन में आपको आकाश कैसा दिखता है
2. दिन में आपको आकाश में क्या–क्या दिखाई देता हैं
3. रात को स्वच्छ आकाश में आपको क्या–क्या दिखाई देता है
4. कुछ तारे आपको चमकीले तथा कुछ कम चमकीले, कुछ छोटे तथा कुछ बड़े क्यों दिखाई देते हैं।

मौनवाचन (Reading)

छात्रों के उत्तर न देने पर शिक्षक छात्रों को सौरमंडल का चार्ट दिखायेंगे तथा बतायेंगे कि इसमें दर्शाये गये सभी आकाशीय पिंडों के समूह को सौरमंडल

कहते हैं आज हम इस विषय में और अधिक जानेंगे –

- शिक्षक छात्रों को पाठ का मौनवाचन ध्यानपूर्वक करने को कहेगें।
- मौनवाचन करते समय पाठ में आये कठिन शब्दों को रेखांकित करेंगे। जैसे – सौरमंडल, ग्रह, उपग्रह, क्षुद्रग्रह, धूमकेतु, उल्काएं, कृत्रिम ग्रह आदि।
- छात्र आपस में चर्चा करके कठिन शब्दों का अर्थ पता करेंगे।
- आवश्यकतानुसार शिक्षक छात्रों को कठिन शब्दों का अर्थ बड़े समूह में बतायेंगे।

कठिन शब्द		अर्थ
सौरमंडल	–	सूर्य सहित सभी आकाशीय पिंडों का समूह।
ग्रह	–	निश्चित कक्षा में सूर्य की परिक्रमा करने वाले आकाशीय पिंड।
उपग्रह	–	ग्रहों की परिक्रमा करने वाले आकाशीय पिंड।
क्षुद्रग्रह	–	मंगल व बृहस्पति के मध्य असंख्य पिंडों की पट्टी।
धूमकेतु	–	प्रकाशमान सिर व लंबी पूंछ वाला पिंड।
उल्काएं	–	रात में अचानक तेज चमकदार लकीर से दिखने वाले पिंड।
कृत्रिम ग्रह	–	मानव निर्मित।

- पाठ को पढ़कर छात्र उसे समझेंगे तथा मुख्य बातों को नोट कर अपनी कापी में मानस चित्रांकन करेंगे।
- शिक्षक देखें कि सभी छात्र इस गतिविधि में संलग्न रहे।

मानस चित्रांकन (Mind Map)





सारांशीकरण (Summarization)

मानस चित्रांकन का छोटे समूह में सारांशीकरण व चर्चा –

- **शिक्षक कक्षा को छोटे समूहों में विभाजित करेंगे व निर्देश देंगे कि वे अपने**

मानस चित्रण को समूह में दर्शाएं, समझाएं व उस पर चर्चा करें व मानस चित्रांकन का सारांशीकरण करें।

समूह चर्चा व प्रस्तुतिकरण (Group Discussion and Presentation)

- चर्चा व सारांशीकरण के पश्चात प्रस्तुतिकरण छात्रों व शिक्षक द्वारा।
- प्रत्येक छोटे समूह से एक छात्र प्रतिनिधि शिक्षक द्वारा निर्देशित बिंदु पर मानस चित्रांकन बड़े समूह के समक्ष प्रस्तुत करेगा। (सभी समूह)
- मानस चित्रांकन के प्रस्तुतिकरण में छूट गये बिंदु शिक्षक तथा छात्र नोट करेंगे अन्य समूह प्रस्तुति में उन बिंदुओं को शामिल करेंगे।
- अंत में शिक्षक संपूर्ण विषय वस्तु पर आधारित मानस चित्रांकन प्रस्तुत कर उसका सारांशीकरण करेंगे।

सुदृढ़ीकरण व पुनर्बलन (Consolidation and Reinforcement)

- शिक्षक सुदृढ़ीकरण हेतु विषयवस्तु को चार्ट, तालिका, गतिविधि चित्र आदि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं।
- शिक्षक मानस चित्राकंन के द्वारा भी विषयवस्तु का सुदृढ़ीकरण का कार्य करवा सकते हैं।
- सुदृढ़ीकरण के समय शिक्षक संपूर्ण विषयवस्तु को बताएं।

सुदृढ़ीकरण हेतु मुख्य विषय वस्तु

- सूर्य सहित उसके समस्त आकाशीय पिंडों के समूह को सौरमंडल कहते हैं।
- सूर्य सौरमंडल का मुखिया है। समस्त आकाशीय पिंड सदस्य उसकी परिक्रमा करते हैं, प्रकाश से प्रकाशित होते हैं, उर्जा प्राप्त करते हैं। सूर्य एक तारा है, सूर्य कई ज्वलनशील गैसों का जलता हुआ पिंड है।
- ग्रह वे आकाशीय पिंड हैं जो अपनी – अपनी कक्षाओं में सूर्य की परिक्रमा करते हैं। अपने अक्ष पर भी घूमते हैं। सभी ग्रह सूर्य से उर्जा एवं प्रकाश प्राप्त करते हैं। सौरमंडल में ग्रहों की संख्या आठ हैं। क्रमशः बुध, शुक्र, पृथ्वी, मंगल, बृहस्पति, शनि, अरुण व वरुण हैं।
- ऐसे आकाशीय पिंड जो ग्रहों की परिक्रमा करते हैं, उपग्रह कहलाते हैं। उपग्रह भी सूर्य से उष्मा व प्रकाश प्राप्त करते हैं। चंद्रमा हमारी पृथ्वी का एकमात्र प्राकृतिक उपग्रह है। मानव द्वारा बनाये गये उपग्रह कृत्रिम उपग्रह है। जो आर्यभट्ट, भास्कर, रोहणी, एप्पल आदि है। कृत्रिम उपग्रह का उपयोग मौसम की भविष्यवाणी, दूरदर्शन प्रसारण, रेडियो प्रसारण, संचार व्यवस्था आदि हेतु किया जाता है।
- क्षुद्रग्रह– मंगल तथा बृहस्पति के बीच छोटे–छोटे असंख्य पिंडों को क्षुद्रग्रह कहते हैं।
- उल्काएं व उल्का पिंड, कभी–कभी रात में तारों के बीच अचानक तेज चमकदार लकीर–सी दिखाई देती हैं, ये उल्का पिंड हैं, जो पृथ्वी के गुरूत्वाकर्षण में आकर वायुमंडल के घर्षण से जल उठते हैं।
- ऐसे आकाशीय पिंड जिनके सिर पर लंबी पूंछ होती है, सूर्य की परिक्रमा करते हैं। इनके दिखने का समय व दिशा अनिश्चित होती है, इन्हें पुच्छल तारा कहते हैं।

आकलन (Assessment)

शिक्षक निम्न प्रकार से पूछ सकते हैं–

1. सौरमंडल किसे कहते हैं?
2. सौरमंडल का मुखिया कौन है?
3. सौरमंडल के ग्रहों के नाम क्रमानुसार बताइये?
4. पृथ्वी के प्राकृतिक उपग्रह का नाम बताइये?
5. क्षुद्रग्रह किसे कहते हैं?
6. कृत्रिम उपग्रह का उपयोग किन–किन क्षेत्रों में किया जा रहा है?
7. धूमकेतु से क्या तात्पर्य है?

विशेष शिक्षण (Special Teaching)

- शिक्षक छात्रों को व्यक्तिगत या सामूहिक रूप से आवश्यकतानुसार विशेष शिक्षण प्रदान करें।
- सही उत्तर देने वाले छात्रों का सहयोग भी विशेष शिक्षण के दौरान व्यक्तिगत रूप से कर सकते हैं।

लेखन/गृहकार्य (Writing Work)

1. सौरमंडल से क्या तात्पर्य है? सौरमंडल का नामांकित चित्र बनाइए।
2. उपग्रह से क्या तात्पर्य है? प्राकृतिक तथा कृत्रिम उपग्रह को समझाएं।

सीखने का मेट्रिक्स
कक्षा- छठवीं
(सामाजिक विज्ञान)

अवधारणा क्षेत्र	पाठ का नाम और क्रमांक	पेडागॉजिकल प्रक्रिया/ गतिविधियाँ एवं प्रस्तावना	सुझावात्मक सहायक शिक्षण सामग्री (TLM)
• इतिहास क्या है? •प्राचीनकालीन भारत के इतिहास जानने के स्त्रोत। •ऐतिहासिक धरोहरों की सुरक्षा में हमारा दायित्व।	पाठ – 1 इतिहास जानने के स्रोत	•प्रस्तावना – भूतकाल में घटित घटनाओं या उससे संबंधित व्यक्तियों का विवरण इतिहास है। बच्चों आप अपने निवास स्थल के समीप निर्मित भवनों, दुर्गों, मंदिरो, तालाबों एवं बावड़ियों आदि के अवशेषों से अपनी प्राचीनता का अनुमान लगाते है। इतिहास के अध्ययन से हमें प्राचीनकाल की स्थिति की जानकारी मिलती है। •हमारे गाँव अथवा शहर के किसी स्थल का भ्रमण कराएँ व अवलोकन उपरान्त जानकारी एकत्रित कर उस पर प्रस्तुतिकरण करवाएँ। • अपने परिवार का वंश वृक्ष तैयार करवाना। • इतिहास जानने के विभिन्न स्त्रोतों से सम्बन्धित चित्र, सिक्के, मोहरें आदि कक्षा में दिखाकर उनकी पहचान कराना। • आस – पास की खोज नाम से विद्यार्थियों को गांव के प्राचीन स्थलों का भ्रमण करायें। • ऐतिहासिक चित्रों का संकलन कराकर एलबम तैयार करवाए व कक्षा में प्रस्तुतीकरण करवाए। • अपने जिले व ब्लाक के ऐतिहासिक स्थलों के चित्र एस.डी. कार्ड में संधारित कर विद्यार्थियों को दिखाएँ। • पुरातत्व संग्रहालय की सैर करवाना।	•प्राचीनकाल के औजारों के चित्र (पाठ्यपुस्तक क्र. 2 पर अंकित चित्रों को बड़ी सीट पर बनाकर कक्षा शिक्षण में उपयोग करें।) •उपलब्ध प्राचीनकाल के सिक्के। •परिवार का वंश वृक्ष।

अनुमानित समय (कालखण्ड)	लर्निंग इंडीकेटर	मूल्यांकन हेतु गतिविधियां एवं प्रश्न	आओ करके सीखें (घर में/खेल-खेल में)	लर्निंग आउटकम्स
2 काल खण्ड (90 मिनिट प्रति काल खण्ड)	•अवलोकन के आधार पर जानकारी एकत्रित कर प्रस्तुत करना। •आसपास के ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण की समझ विकसित करना। •विभिन्न चित्रकलाओं के प्रति समझ विकसित करना। •ऐतिहासिक धरोहरों के प्रति रूचि उत्पन्न करना।	• इतिहास का अध्ययन क्यों आवश्यक है? • आपके ग्राम व शहर के इतिहास जानने के स्त्रोत कौन - कौन से हो सकते है। • ऐतिहासिक धरोहर की सुरक्षा हमें क्यों करनी चाहिए? • ऐतिहासिक धरोहर के संरक्षण में आप क्या भूमिका निभा सकते है।	• अपने परिवार के बुजुर्गों से चर्चा कर अपने गांव के इतिहास की जानकारी एकत्र करें। • अपने परिवार का वंश वृक्ष तैयार करें। • निवास क्षेत्र के धार्मिक व ऐतिहासिक स्थलों की निर्माण की अवधि तथा निर्माता के बारे में जानकारी प्राप्त करें।	• प्राचीन भारतीय इतिहास के विविध स्त्रोतों (पाण्डुलिपि, शिलालेख, धार्मिक ग्रंथ पुरातात्विक सामग्री आदि) को वर्णित करते हुए समसामयिक इतिहास की रचना में उसका उपयोग बताते है। • विभिन्न ऐतिहासिक विकास के बारे में सूचनाओं को तैयार करते है।

अवधारणा क्षेत्र	पाठ का नाम और क्रमांक	पेडागॉजिकल प्रक्रिया/ गतिविधियाँ एवं प्रस्तावना	सुझावात्मक सहायक शिक्षण सामग्री (TLM)
• प्राचीनकाल से लेकर वर्तमान समय तक मानव का विकास क्रम। • पाषाणकाल में मानव के निवास, रहन – सहन, वस्त्र, औज़ार, भोजन, नवीन खोजों	पाठ – 2 आदिमानव	प्रस्तावना – बच्चों, आधुनिक खोजों से ज्ञात हुआ है कि लाखों वर्ष पूर्व मनुष्य हाथ व पैरों पर चलता था, जंगलों में रहता था, पेड़ों की जड़ें, पत्तियों, फल, फूल कच्चा मांस इत्यादि खाता था। धीरे – धीरे मनुष्य में शारीरिक परिवर्तन हुए और वह अपनी मूलभूत आवश्यकताओं भोजन, आवास व सुरक्षा के बारे में सोचने लगा। • आदि मानव एवं आधुनिक मानव पर बच्चों को समूह चर्चा करवाएँ एवं अन्तर स्पष्ट करने को कहें। • पशुपालन व कृषि से मानव जीवन में आए परिवर्तन पर समूह में परिचर्चा कराना। • आग व पहिए की खोज से प्राचीनकाल में मानव जीवन में आए परिवर्तन पर रोल प्ले कराना। • मध्यप्रदेश के मानचित्र में भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, होशंगाबाद, जबलपुर, मंदसौर, कटनी, सागर, गुना की स्थिति को दर्शाने की गतिविधि करावें।	• मानव के क्रमिक विकास का चित्र। •पहिये के उपयोग संबंधी चित्र। •पत्थर के औजार के चित्र। •मध्यप्रदेश का रेखा मानचित्र

अनुमानित समय (कालखण्ड)	लर्निंग इंडीकेटर	मूल्यांकन हेतु गतिविधियां एवं प्रश्न	आओ करके सीखें (घर में/खेल-खेल में)	लर्निंग आउटकम्स
2 काल खण्ड (90 मिनिट प्रति काल खण्ड)	• मानव के विकास की क्रमिक प्रक्रिया से परिचित कराना और उसकी सराहना कर पाना। •पहिए व आग के आविष्कार के बारे में जानना। •पहिए व आग से मानव के जीवन में आए बदलाव को समझना। • आदि मानव के जीवन कौशल (ज्ञान व कौशल) की सराहना कर पाना।	• आदिमानव अपने औजार किससे बनाता था? • आदिमानव जानवरों से अपनी रक्षा किस तरह करता था? • आग की खोज कैसे हुई? इससे मानव को क्या लाभ हुये? • पहिए के आविष्कार से मानव जीवन में क्या परिवर्तन हुए।	• मिट्टी से पहिए बनाना। • कृषि के आधुनिक औजारों के चित्र संकलित कर एलबम बनाना व उनके उपयोग पर चर्चा करना।	• प्राचीन काल के विकास व विस्तार का वर्णन कर सकता है। जैसे- शिकार करना एवं संग्रह करना, कृषि का आरंभ आदि और एक स्थान के विकास का दूसरे स्थानों के साथ जोड़ते है । • आदि मानव सभ्यता/संस्कृति के विशिष्ट लक्षणों को पहचान सकता है और उनके विकास का वर्णन करते है।

<table>
<tr><th>अवधारणा क्षेत्र</th><th>पाठ का नाम और क्रमांक</th><th>पेडागॉजिकल प्रक्रिया/ गतिविधियाँ एवं प्रस्तावना</th><th>सुझावात्मक सहायक शिक्षण सामग्री (TLM)</th></tr>
<tr>
<td>• प्राचीन सभ्यताएं नदियों के किनारे विकसित होने के कारण।
• सिन्धु घाटी सभ्यता की खोज, नगरीय जीवन, कृषि व पशुपालन।
• हड़प्पा संस्कृति के जनजीवन से परिचित होना।
• हड़प्पा सभ्यता के पतन के कारण।</td>
<td>पाठ – 9
हड़प्पा सभ्यता</td>
<td>• प्रस्तावना – मनुष्य हमेशा से वही निवास करता था, जहां उसे पीने का पानी, खाने के लिये भोजन एवं रहने के लिये सुरक्षित स्थान मिल जाते थे। चूंकि नदी किनारे ये तीनों आवश्यकताओं की पूर्ति आसानी से हो जाती है अतः विश्व की सभी प्राचीन सभ्यताएं नदियों के किनारे ही विकसित हुई है।
• प्राचीन सभ्यताओं के नदियों के किनारे विकसित होने के कारणों पर समूह चर्चा उपरान्त विद्यार्थियों से व्यक्तिगत चार्ट बनवाए –
<table>
<tr><th>सभ्यता का नाम</th><th>नदी का नाम</th></tr>
<tr><td></td><td></td></tr>
</table>
• सिन्धु सभ्यता के समाज, रीति–रिवाज, पशु, सिक्के, धार्मिक व आर्थिक स्थिति पर तालिका बनाकर चर्चा करना।
• सिन्धु सभ्यता की नगरीय व्यवस्था के प्रमुख बिन्दुओं को तालिका के माध्यम से दर्शाना।
• हडप्पा सभ्यता के पतन के कारणों का चार्ट बनाना।
• हडप्पा जीवन पर आधारित रोल प्ले करवाना।
• हडप्पा सभ्यता से जुडे वीडियों/ फिल्म दिखाना।</td>
<td>• प्रारंभिक सभ्यताओं का मानचित्र।
• खुदाई में प्राप्त हड़प्पा सभ्यता से संबंधित चित्र।
• हड़प्पा सभ्यता के पतन के कारणों का चार्ट।</td>
</tr>
</table>

अनुमानित समय (कालखण्ड)	लर्निंग इंडीकेटर	मूल्यांकन हेतु गतिविधियां एवं प्रश्न	आओ करके सीखें (घर में/खेल-खेल में)	लर्निंग आउटकम्स
काल खण्ड (90 मिनिट प्रति काल खण्ड)	• अपने गांव व आस-पास के गांवों के बसने के लिए अनुकूल स्थिति के बारे में जानना। • हड़प्पा संस्कृति व वर्तमान में अपने गांव की संस्कृति से तुलना करना। • प्राचीन सभ्यता एवं वर्तमान के जनजीवन में आए परिवर्तनों को जानना। • गांव में स्थित नदी कुआं तालाब आदि की उपयोगिता को समझना।	• नदी घाटी सभ्यता नदियों के किनारे ही क्यों विकसित हुई? •सिंधु घाटी सभ्यता की प्रमुख विशेषताएं क्या है। • हड़प्पा सभ्यता के पतन के कारणों को बताईये? • हड़प्पा सभ्यता को नगरीय सभ्यता भी कहा जाता है क्यों?	• एशिया महाद्वीप के रेखा मानचित्र में हड़प्पा, कालीबंगा, लोथल, मोहनजोदडो, रोपड़ आदि स्थानों को दर्शाने की गतिविधि कराएँ।	• हड़प्पा सभ्यता के विकास की स्थिति व जनजीवन का वर्णन करता है।

अवधारणा क्षेत्र	पाठ का नाम और क्रमांक	पेडागॉजिकल प्रक्रिया / गतिविधियाँ एवं प्रस्तावना	सुझावात्मक सहायक शिक्षण सामग्री (TLM)
•आर्यो का भारत में आगमन एवं सिन्धु क्षेत्र में इनका बसना। •वैदिक एवं उत्तरवैदिक काल में सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक परिवर्तन।	पाठ – 10 वैदिक संस्कृति	प्रस्तावना – वेद भारत के प्राचीन ग्रंथ है। वेद उपनिषद, ब्राह्मण आरण्यक आदि को वैदिक साहित्य कहते है। वेद का अर्थ है ज्ञान अथवा पवित्र आध्यात्मिक ज्ञान। वैदिक साहित्य से हमें वैदिककाल के लोगों के निवास क्षेत्र, खान–पान, रहन – सहन के विषय में जानकारी मिलती है। इस काल की संस्कृति को वैदिक संस्कृति कहते है। • आर्यों के आगमन के प्रमुख मार्गो व क्षेत्रों को मानचित्र में दर्शाना। • वैदिककाल में कर्म के आधार पर विभाजित वर्ण व्यवस्था तथा वर्तमान जाति व्यवस्था पर समूह चर्चा करना। • वैदिक काल में विकसित ज्ञान यथा – गणित, बीजगणित, खगोल विद्या व ज्योतिष आदि के लेखकों के योगदान पर चार्ट बनाकर चर्चा करना। • वैदिककालीन एवं वर्तमान संस्कृति में रहन–सहन, खान–पान, संस्कार आदि पर तालिका बनाकर समूह में चर्चा करना।	•वैदिककाल की वर्ण व्यवस्था का चार्ट। •वैदिककाल में विकसित ज्ञान यथा – गणित, बीजगणित, खगोल विद्या व ज्योतिष आदि लेखकों के योगदान का चार्ट।
•जनपद एवं महाजनपद से आशय, •मगध साम्राज्य की स्थापना, मगध साम्राज्य	पाठ – 11 जनपदों एवं महाजनपदों का युग	प्रस्तावना – जनपद अर्थात मनुष्य के बसने का एक क्षेत्र। इन जनपदों का नाम उनके स्थापना करने वाले जन या कुल पर आधारित थे। बड़े जनपदों को महाजनपद कहा जाता था।	•प्राचीन भारत का मानचित्र (महाजनपद काल का)। •मगध साम्राज्य की स्थापना व

अनुमानित समय (कालखण्ड)	लर्निंग इंडीकेटर	मूल्यांकन हेतु गतिविधियां एवं प्रश्न	आओ करके सीखें (घर में/खेल-खेल में)	लर्निंग आउटकम्स
2 काल खण्ड (90 मिनिट प्रति काल खण्ड)	•आर्यो के आगमन के कारणों को जानना। •वैदिक संस्कृति की प्रमुख बातों को जानना। •वैदिककाल में विकसित ज्ञान यथा- गणित, बीजगणित, खगोल विद्या व ज्योतिष आदि के योगदान के बारे में जानना है।	•आर्यो के काल को वैदिककाल क्यों कहा जाता है। •वैदिककाल में समाज कितने वर्णो में बटा था? •वैदिक काल में आर्थिक स्थिति किस प्रकार थी ?	• वैदिककाल की सामाजिक आर्थिक व धार्मिक स्थिति की प्रमुख विशेषताओं का चार्ट बनाइए व परिवार के बडे बुजुर्ग से चर्चा कर भिन्नता के कारण पता कीजिए।	•विज्ञान और संस्कृति के क्षेत्र में भारत द्वारा किए गए महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित करते है।
2 कालखण्ड (90 मिनिट प्रति कालखण्ड)	•जनपद व महाजनपद का आशय जानना और दोनों में भेद बता पाना।	•जनपद, महाजनपद व गणसंघ का आशय बताइए। •मगध साम्राज्य की स्थापना व विस्तार के कारणों को बताइए।	•भारत के रेखा मानचित्र में जनपदों व महाजनपदों को दर्शाना।	•किसी अवधि के साहित्य, अभिलेखों में उल्लेखित प्रकरणों, घटनाओं

अवधारणा क्षेत्र	पाठ का नाम और क्रमांक	पेडागॉजिकल प्रक्रिया/ गतिविधियाँ एवं प्रस्तावना	सुझावात्मक सहायक शिक्षण सामग्री (TLM)
की आर्थिक, राजनैतिक, सामाजिक एवं धार्मिक परिस्थितियाँ। • महावीर स्वामी और गौतम बुद्ध की शिक्षाएं।		• जनपद, महाजनपद व गणसंघ के अर्थ बताना। • प्राचीन भारत के मानचित्र में महाजनपदों को दर्शाना। • मगध साम्राज्य की स्थापना व विस्तार के कारणों की प्रत्येक बच्चे से तालिका बनवाकर समूह में चर्चा करना। • विद्यार्थियों को दो समूहों में बांटकर महावीर स्वामी एवं गौतम बुद्ध की शिक्षाओं का चार्ट बनवाकर प्रस्तुतिकरण कराना। • मगध प्रशासन में आमात्य, पुरोहित, संगहत्री, बलिसाधक, शौल्किक व सेनापति के कार्यो के आधार पर "रोल प्ले" कराना।	विस्तार की तालिका । • महावीर स्वामी एवं गौतम बुद्ध की शिक्षाओं का चार्ट।
• मौर्य साम्राज्य का उदय । • मौर्यकाल के राजनैतिक आर्थिक व सामाजिक जीवन की विशेषताएं।कला संस्कृति साहित्य। • राज्य और	पाठ – 12 मौर्य साम्राज्य	प्रस्तावना – मगध पर नन्द वंश के शासक महापद्म नन्द का शासन था। वह भारत का शक्तिशाली राज्य माना जाता था। नंद राजा क्रूर शासक होने के कारण जनता में लोकप्रिय नहीं था। नन्द राजा से सत्ता छीनने का कार्य चन्द्रगुप्त मौर्य ने चाणक्य के सहयोग से किया एवं 322 ई पू. मौर्य साम्राज्य की स्थापना की। • मौर्य साम्राज्य के उदय के लिए उत्तरदायी परिस्थितियों के बारे में कक्षा में चर्चा करना। • भारत के रेखा मानचित्र में मौर्य	• भारत का रेखा मानचित्र • मौर्यकाल के राजाओं के नाम व कार्यों के चार्ट • म.प्र. में सम्राट अशोक द्वारा निर्मित स्तूपों के चित्र।

अनुमानित समय (कालखण्ड)	लर्निंग इंडीकेटर	मूल्यांकन हेतु गतिविधियां एवं प्रश्न	आओ करके सीखें (घर में/खेल-खेल में)	लर्निंग आउटकम्स
	• गणसंघ के आशय को जानना। • मगध साम्राज्य की मुख्य बातों को जानना। • अहिंसा, ब्रम्हचर्य, व्याभिचार के भाव को समझना।	• जैन धर्म एवं बौद्व धर्म की प्रमुख शिक्षाओं को लिखिए। • आज के संदर्भ में जैन धर्म एवं बौद्व धर्म की शिक्षा के महत्व को बताइए।		व्यक्तित्वों का वर्णन करता है। • भारत के रेखा मानचित्र पर महत्वपूर्ण स्थानों ऐतिहासिक स्थलों को पता लगाते है।
2 काल खण्ड (90 मिनिट प्रति काल खण्ड)	• सम्राट अशोक के हृदय परिवर्तन की घटना के बारे में जानना। • स्तूप, शिलालेख व संग्रहालयों के संबंध में जानना।	• मौर्य साम्राज्य के उदय के कारण बताइए। • किस घटना के कारण सम्राट अशोक का हृदय परिवर्तन हुआ? • सम्राट अशोक द्वारा निर्मित प्रमुख स्तूप, शिलालेखों के नाम लिखिए। • आज के संदर्भ में अशोक का धर्म किस	• नोटों एवं सिक्कों पर अशोक चिन्ह को देखिए और लिखिए कि उसमें आपको क्या-क्या दिखाई देता है।	• मौर्य साम्राज्य का उदय किन कारणों से हुआ बताते है। • सम्राट अशोक के हृदय परिवर्तन की घटना को बताते है।

अवधारणा क्षेत्र	पाठ का नाम और क्रमांक	पेडागॉजिकल प्रक्रिया / गतिविधियाँ एवं प्रस्तावना	सुझावात्मक सहायक शिक्षण सामग्री (TLM)
साम्राज्य में भेद • युद्ध की विभाषिकाओं के प्रति जागरूक करना।		साम्राज्य की सीमाओं को रंग भर कर दर्शाने की गतिविधि बच्चों से छोटे–छोटे समूह बनाकर करवाना। • साम्राज्य विस्तार हेतु किए जाने वाले युद्धों के दुष्परिणामों पर चर्चा करना। •मौर्य काल के राजाओं के नाम व कार्यों के चार्ट बनाना तथा छोटे–छोटे समूह बनाकर कक्षा में प्रस्तुतीकरण कराना। • म.प्र. में सम्राट अशोक द्वारा निर्मित स्तूपों, शिलालेखों, संग्रहालयों आदि की सूची बनवाकर उन पर चर्चा करना। • अशोक का धर्म तात्कालिक समाज में प्रसांगिक है– विषय पर वाद विवाद कराना। • युद्ध विजेता एवं पराजित दोनों व्यक्तियों के लिए विनाशकारी है इस पर परिचर्चा करना।	
• 200 ई. पू. से 300 ई. तक भारत की स्थिति • उत्तर भारत के राजवंश दक्षिण भारत के राजवंश	पाठ – 18 शुंग, सातवाहन एवं कुषाण काल	प्रस्तावना – मौर्य साम्राज्य के पतन के बाद भारत में कई छोटे–छोटे राज्यों का उदय हुओ जैसे शुंग, सातवाहन, कण्व, नाग, कुषाण, चोल पाण्डय और चेर इत्यादि। • उत्तर भारत में यूनानियों व शकों तथा दक्षिण भारत में सातवाहनों के उदय के कारणों का चार्ट बनाकर उस पर चर्चा करना। • एशिया के रेखा मानचित्र में मध्य	• उत्तर भारत में यूनानियों व शकों तथा दक्षिण भारत में सातवाहनों के उदय के कारणों का चार्ट • एशिया का रेखा मानचित्र • गांधार शैली और

अनुमानित समय (कालखण्ड)	लर्निंग इंडीकेटर	मूल्यांकन हेतु गतिविधियां एवं प्रश्न	आओ करके सीखें (घर में/खेल-खेल में)	लर्निंग आउटकम्स
	• आज के संदर्भ में अशोक के धर्म के महत्व को समझ पाना। • शांति के प्रयासों की सराहना करना।	तरह प्रासंगिक है।		• किसी अवधि के सहित्य, अभिलेखों में उल्लेखित प्रकरणों, घटनाओं, व्यक्तित्वों का वर्णन करते है।
2 काल खण्ड (90 मिनिट प्रति काल खण्ड)	• यूनानियों, शकों तथा सातवाहनों के साँस्कृतिक विकास में योगदान को जानना। • गांधार शैली और मथुरा	• यूनानियों, शकों तथा सातवाहनों के उदय के कारण बताइए। • इन वंशों का भारत की संस्कृति पर क्या प्रभाव पडा। • उत्तर व दक्षिण भारत के प्रमुख राजवंशों के नाम बताइए। • गांधार शैली व मथुरा	• सांची के स्तूप का चित्र बनाकर उसमें मनपंसद रंग भरे।	• किसी अवधि के साहित्य अभिलेखों में उल्लेखित प्रकरणों, घटनाओं, व्यक्तित्वों का वर्णन करते है।

<table>
<tr><th>अवधारणा क्षेत्र</th><th>पाठ का नाम और क्रमांक</th><th>पेडागॉजिकल प्रक्रिया / गतिविधियाँ एवं प्रस्तावना</th><th>सुझावात्मक सहायक शिक्षण सामग्री (TLM)</th></tr>
<tr><td></td><td></td><td>एशिया, ईरान तथा अफगानिस्तान व भारत को दर्शाना।
• निम्न बिन्दुओं पर विद्यार्थियों से तालिका बनवाए –
<table>
